“हिन्दी हमारी शान है, देश का अभिमान है”

हिन्दी चेतना सप्ताह (07 सितम्बर, से 14 सितम्बर, 2015 तक)

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में हिन्दी विभाग के तत्वावधान में आयोजित “हिन्दी चेतना सप्ताह” का उद्‌घाटन 07 सितम्बर, 2015, सोमवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने पुस्तकालय में दीप प्रज्वलित कर किया. चेतना सप्ताह के प्रथम दिन हिन्दी साहित्य व प्रसिद्ध साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई. प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने हिन्दी साहित्य की पुस्तकों में विशेष रुचि लेते हुए इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं और प्राध्यापकों को भी हिन्दी भाषा के प्रयोग और प्रमुख साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ने के प्रति प्रेरित किया. इस चेतना सप्ताह के अंतर्गत सुलेख, श्रुतलेख, स्लोगन लेखन, साहित्य प्रश्नोत्तरी, लघु–कथा वाचन, कविता–उच्चारण तथा भाषण प्रतियोगिता जैसी हिन्दी से जुड़ी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. इन गतिविधियों में छात्र–छात्राओं के अतिरिक्त प्राध्यापकों व कर्मचारी वर्ग ने भी विशेष उत्साह प्रदर्शित किया. इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि हिन्दी भाषा की देश के स्वाधीनता आन्दोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, अतः स्वतंत्र भारत में हिन्दी को राष्ट्र भाषा का स्थान मिलना ही चाहिए. इस उद्‌घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय के हिन्दी विभाग से किरण आनन्द डॉ० रेणु माहेश्वरी, डॉ० बाँके बिहारी, मंजु गुप्ता के साथ साथ अन्य प्रध्यापक भी उपस्थित थे.